तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार, 19 अक्टूबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 न बिजली न पानी, आने-जाने के लिए मार्ग भी नहीं...



14 शासकीय कन्या प्राथमिक शाला में दीपावली की धूम



## खबर संक्षेप

### कंडरका स्कूल के बच्चों ने सूर्य नमस्कार के 12 आसन को दीवारों पर उकेरा

**बेरला।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कंडरका विकासखंड बेरला के बच्चों ने बाउंड्रीवाल के दीवारों पर बनाये सूर्य नमस्कार के बारह आसन बनाकर लोगों को योग के माध्यम से स्वस्थ रहने तथा प्रतिदिन योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने का संदेश दिया। राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित नवाचारी शिक्षिका केवरा सेन ने कहा कि बच्चों को अवसर प्रदान किया जाये तो उनकी प्रतिभा निखरती है I उनमें अद्भुत क्षमता होती है। कक्षा आठवीं का छात्र एक दिन मेरे तस्वीर को बनाकर मुझे भेंट किया। उसी दिन मैं समझ गई। बच्चों में अद्भुत सृजन करने की क्षमता है। बस उसे एक प्लेटफार्म देने की आवश्यकता है। चन्द्र प्रकाश सिंह और युवराज निषाद ने अपनी अनूठी कला से सूर्य नमस्कार के बारह आसन बनाये एवं लेखन कार्य नारायण देवांगन ने किया तथा सोहन जोगी, नील कमल इन दोनों बच्चों ने लाईन को कवर किया तथा पुलकित अजीत ये सभी सहयोगी रहे I बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए उन्हें सम्मानित कर आगे बढ़ने के लिए ढेर सारी बधाइयाँ एवं उज्वल भविष्य के शुभकामनाएँ प्रधान पाठक प्रहलाद कुमार टिकरिहा, भुवन सिंह ध्रुव, रविकुमार निषाद, राजराजा राजेश्वर सीएसी, संजय कश्यप, सुरेश वर्मा, रागिनी शर्मा, अन्नपूर्णा जांगड़े, देवकुमारी गायकवाड़, योगेश्वरी परगनिहा एवं संकुल परिवार की ओर से बधाई दी गई।

### मामूली विवाद पर दादी सास की हत्या, बहू हुई गिरफ्तार

**भिलाई।** घर के मामूली विवाद को लेकर बहु ने अपनी दादी सास की हत्या कर दी है। खबर लगने पर पुलिस ने बहु को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ग्राम गोढ़ी निवासी उर्मिला वर्मा और बहू रोशनी वर्मा घटना के समय घर पर थे। घर के अन्य सदस्य काम पर गए हुए थे। पड़ोसी ने फोन कर पीड़ित सुरेन्द्र वर्मा को घटना की सूचना दी। परेशान होकर तुरंत सुरेन्द्र घर पहुंचा तो उसकी मां बेडरूम में खून से सनी पड़ी थी, उसके सिर में गंभीर चोट था। सूचना पर नंदिनी थाना प्रभारी पारसराम ठाकुर अपनी टीम के साथ घटनास्थल पहुंचकर रोशनी वर्मा को पकड़ा । पूछताछ करने पर बहु ने बताया कि दादी सास उर्मिला के व्दारा उसे खाना बनाने के नाम पर ताना कसती थी। इसी को लेकर विवाद हुआ आकोश में आकर बेडरूम में रखे लोहे के हथौड़े से दादी सास उर्मिला के सिर में वार कर दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। निशानदेही पर लोहे का हथौड़ा पुलिस ने जब्त किया।

## पर्व : कारोबार से व्यापारियों के चेहरे खिले, महंगाई का दिखा तड़का

# धनतेरस पर बेमेतरा बाजार में उमड़ा खरीदारों का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

धनतेरस पर लोगों ने जमकर खरीदी की जिसके चलते पूरे बाजार में सुबह से लेकर देर रात तक लोगों की चहल पहल के साथ रौनक रही और जमकर धन वर्षा से जिले में अच्छा खासा कारोबार होने की बात कही जा रही है I व्यवसायिक केंदो में खरीदारी करने लोग जुटे रहे। सुबह से लेकर देर रात तक बाजार में ग्राहकों की भीड़ रही , लोगों ने आवश्यकता और मान्यताओं को लेकर सामानों की खरीदारी की वही शाम को धनतेरस पर्व पर घरों के सामने गेहूं के आटे का दीपक जलाकर पूजा अर्चना के बाद आशीर्वाद लिया। शनिवार धनतेरस के दिन आम जनों में उत्साह का माहौल जहां रहा वही सोने,चांदी के सिक्के , जेवरात, लक्ष्मी ,गणेश की मूर्ति की खूब बिक्री हुई। बर्तन दुकान ,इलेक्ट्रॉनिक प्रतिष्ठान, वाहनों के शोरूम में भी ग्राहकों की भीड़ उमड़ी , पूजा सामान व अन्य सामग्रियों की बिक्री को लेकर भी लोग बाजार पहुंचे I ज्यादातर लोगों ने पहले से ही बुकिंग कराए गए सामान को अपने घर ले गए, धनतेरस के दिन बाजार में करोड रुपए का कारोबार होने का अनुमान है।

**कपड़े की अधिकतर दुकानों में दिनभर होती रही बिक्री-** शहर की हर रेडीमेड कपड़े की दुकान में ग्राहको की भीड़ रही ,कपड़ों की दुकान में दिनभर बिक्री होती रही |दुकानदारों ने कहा कि सबसे अधिक बच्चों और महिलाओं के फैशनेबल कपड़े बाजार में ज्यादा चल रहे हैं वहीं ठंड की आहट से गर्म कपड़े भी खरीदे जा रहे हैं। पिछले साल के मुताबिक इस साल कारोबार का आंकड़ा कुछ जरूर कम रहा I इसी तरह धन्वंतरि की पूजा के साथ-साथ व्यापारियों ने नई बही खाते की शुरुआत की। व्यापार छोटा हो या बड़ा ,बदले जमाने के इस दौर में भी व्यापारी बही खातों को शुभ मानते हुए परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं। धनतेरस पर सभी व्यापारियों ने बही खाता से व्यापार की शुरुआत की।

**महंगाई का असर भी दिखा-** खास बात यह रही कि इस साल दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले सामानों के साथ साथ सोने ,चांदी के सामनों पर महंगाई का असर जरूर देखा गया, हर आवश्यकता वाली चीजों में महंगाई का तड़का नजर आया। सोने ,चांदी कीमतों जहां तेजी तो आई ही है इसी तरह सब्जी भी महंगी महंगा के बाद भी लोगों ने खरीदी में कमी नहीं की यही कारण है कि आज भी मोटा मिर्ची जैसे का रेट 70 से 80 रुपए किलो एवम प्याज भी इसी तरह महंगे दाम में चल रहा है।

**शाम को किया 13 आटे के दीपक की पूजा-** गोधूलि बेला में सूर्यास्त के पूर्व घर की महिलाओं ने घर के बाहर चौका पूर्ण कर 13 गेहूं के आटे के दीपक की पूजा किए, जिसमें दीपक को जल में स्नान करने के बाद कुमकुम, सिंदूर अक्षत फूल अर्पित कर अगरबत्ती से आरती कर आशीर्वाद लिया गया ।

**ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई ,परेशान रहे आमजन-** जिला मुख्यालय प्रमुख व्यवसायिक केंद्र होने के कारण हर छोटी बड़ी सामग्री सुलभ रूप से बाजारों में उपलब्ध रहती है। जिसके चलते शहर सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों की संख्या में ग्राहक परिवार के साथ बाजार में पहुंच कर जमकर त्योहारी खरीदी करते हैं पर उन्हें सामानों की खरीदी करने काफी मशक्कत करनी पड़ती है क्योंकि शहर के हर व्यावसायिक केदो में आवागमन जाने आने के लिए सुगम आवागमन सुचारू रूप नहीं मिल पाता जिससे ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा जाती है। जिसमें व्यापारियों की मनमानी पूर्वक दुकानों की सीमा से हट कर समानों को बाहर निकालकर मार्ग को छोटा कर दिया जाता है वही पार्किंग के अभाव में आम जन भी अपनी वाहनों को लेकर बाजारों में घुस जाते हैं जिसके चलते हर तरफ ट्रैफिक जाम हो जाता है I समय पहले यातायात विभाग ठान ले तो त्यौहारों पर सुगम आवागमन सुचारू रूप से हो सकता है।

### ज्वेलर्स, व्हीकल, इलेक्ट्रॉनिक, कपड़े, बर्तन सहित अन्य दुकानों में सुबह से ही लगी रही कतार





**जमकर खरीदारी हुई, सुबह से पहुंचने लगे थे ग्राहक**

सुबह से ही ग्रामीण क्षेत्र के लोग खरीदी के लिए जिला मुख्यालय पहुंच गए थे किंतु कुछ दुकानें तो सुबह नहीं खुली थी ,उसके बाद भी ग्राहक दूकान खोलने का इंतजार कर रहे थे I बाजार धीरे-धीरे जैसे-जैसे खुलता गया लोगों के भीड़ बढ़ती गई इसके साथ ही खरीदारों द्वारा खरीदी कर जो सिलसिला शुरू हुआ वह देर रात तक जारी रहा |इसमें सर्वाधिक खरीदी सोने चांदी की विभिन्न गहनों की बिक्री हुई ,जिसमें अंगूठी ,चैन ,मंगलसूत्र सहित चांदी और सोने के सिक्के की मांग अधिक बनी रही I

## मासूलगोंदी में निकली कलश यात्रा और किया दीपदान कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा




प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत विकासखंड सग्राम पंचायत मासूलगोंदी में दीपावली पर्व पर एक प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्ण आवास प्राप्त हितग्राहियों के आवासों से कलश यात्रा निकाली गई तथा अपूर्ण आवास हितग्राहियों के घर जाकर दीपदान किया गया और उन्हें शीघ्र आवास पूर्ण करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राम में आवास निर्माण कार्य में तेजी लाना और अपूर्ण आवासों को जल्द से जल्द पूरा करवाना रहा। इस अवसर पर सरपंच, सचिव, आवास मित्र सहित पूर्ण आवास लाभार्थी एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कलश यात्रा के दौरान ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया। दीपदान कार्यक्रम के माध्यम से 'प्रधानमंत्री आवास योजना' के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का संदेश भी दिया गया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते ▸▸|शेष पेज 12 पर

## कलेक्टर ने किया पटाखा दुकानों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



### सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने दिए निर्देश

जिले में दीपावली पर्व के मद्देनज़र सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कृषि उपज मंडी परिसर में स्थापित अस्थायी पटाखा दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुकानदारों से पटाखा विक्रय हेतु आवश्यक लाइसेंस, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता एवं सुरक्षा मानकों की जानकारी ली। कलेक्टर श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पटाखा दुकान पर अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) अनिवार्य रूप से उपलब्ध हों तथा दुकानों के बीच उचित दूरी रखी जाए ताकि किसी भी आकस्मिक घटना की स्थिति में नुकसान को रोका जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि दुकानें केवल उन्हीं स्थानों पर लगें, जहाँ जिला प्रशासन द्वारा अनुमति दी गई है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पटाखा विक्रेताओं को सावधानी बरतने की हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के खुले बिजली कनेक्शन, दीया या धूपबत्ती का उपयोग दुकानों के आसपास न करें। बच्चों को पटाखे जलाते समय बड़ों की निगरानी में ही अनुमति दें।पानी की बाल्टी या रेत भरी बोरी पास में रखें ताकि आग लगने पर तुरंत नियंत्रण किया जा सके। लाइसेंस प्राप्त कंपनियों के ही पटाखे बेचे जाएं, अवैध या निम्न गुणवत्ता वाले पटाखों की बिक्री पूर्णतः वर्जित है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि दीपावली पर्व के दौरान पूरे जिले में सुरक्षा और अग्निशमन दल की विशेष गश्त की व्यवस्था की जाए तथा किसी भी प्रकार की दुर्घटना या अवैध पटाखा विक्रय की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि पटाखे जलाते समय सुरक्षा और पर्यावरण दोनों का ध्यान रखें, कम ध्वनि व प्रदूषण रहित पटाखों का ही उपयोग करें, ताकि पर्व खुशियों के साथ-साथ सुरक्षित वातावरण में मनाया जा सके।

## टठिया गांव में हुई रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



■ 0 कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी

खेल और उत्साह से भरपूर वातावरण में विधान सभा क्षेत्र के ग्राम टठिया में एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर में भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी शामिल हुए। जहां उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर किया। इस दौरान श्री तिवारी ने खिलाड़ियों के बीच विचार व्यक्त करते हुए कहा कबड्डी केवल एक खेल नहीं, बल्कि यह हमारी भारतीय परंपरा, अनुशासन और सामूहिक भावना का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से युवाओं में नई ऊर्जा का संचार होता है और गांवों में एकता एवं भाईचारे का वातावरण बनता है। प्रत्येक ग्राम में इस प्रकार के खेल आयोजन होने चाहिए ताकि युवाओं का शारीरिक और मानसिक विकास हो सके। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेल को बढ़ावा देने के लिए अनेक पहल की जा रही हैं। केंद्र सरकार द्वारा 'संसद खेल महोत्सव' जैसे आयोजनों के माध्यम से गांव-गांव तक खेल की भावना को पहुँचाया जा रहा है। आज बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक इन कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं, जिससे देश में एक नई खेल संस्कृति विकसित हो रही है। हमारी सरकार चाहती है कि हर गांव में खेल के माध्यम से युवा सशक्त बने और भारत विश्व में खेल के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाए। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जोश और खेल भावना के साथ शानदार प्रदर्शन किया। योगेश ▸▸|शेष पेज 12 पर

## तहसील साहू समाज का भारतभूषण अध्यक्ष निर्वाचित, तखत बने सचिव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/बेरला



कर्मा भवन बेरला में तहसील स्तरीय साहू समाज के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ। इसमें भारतभूषण साहू ने 418 मत प्राप्त कर अपने प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार भीखू साहू को पछाड़ते हुए तहसील अध्यक्ष पद पर 143 वोट से जीत हासिल किया। उपाध्यक्ष पद पर बहल साहू को 399 वोट मिले वही उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी अमर सिंह साहू को 289 वोट प्राप्त हुआ। इस प्रकार 110 वोट से बहल साहू विजयी हुए। वही महिला उपाध्यक्ष सुमन साहू को 372 मत प्राप्त हुआ, वे अपने निकटतम उम्मीदवार कल्याणी साहू को 55 मतों से हराया। संगठन सचिव (पुरुष) ▸▸|शेष पेज 12 पर

## बेमेतरा में दो दिवसीय किसान संगोष्ठी व पशु मेला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/बेरला




बारगांव पंचायत में दो दिवसीय किसान संगोष्ठी और जिला स्तरीय पशु मेला का आयोजन हुआ, जिसमें आसपास के 10 गांवों के किसान और पशुपालक शामिल हुए। इस कार्यक्रम में पशुधन विकास विभाग के अधिकारियों ने किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी और पशुपालन के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष जिला पंचायत कल्पना योगेश तिवारी,पूर्व विधायक अवधेश चंदेल एवं ग्राम पंचायत के सरपंच शशि किरण सच्चिदानंद मिश्रा ,जिला संयोजक आई टी सेल बीजेपी सौरभ मिश्रा,जनपद उपाध्यक्ष शुभम् वर्मा ,उपसरपंच टीकेश वर्मा की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर एक नस्ल के पशुओं के मालिकों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया गया, जिससे पशुपालकों को अपनी पशुओं की नस्लों में सुधार करने के लिए प्रेरित किया जा सके। साथ ही पशुधन विकास विभाग के अधिकारियों ने किसानों को विभागीय योजनाओं और पशुधन विकास के बारे में जानकारी दी, जिससे किसानों को अपनी आय बढ़ाने में मदद मिल सके।पशुधन विकास विभाग के अधिकारियों बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को पशुधन विकास और विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करना था, जिससे वे अपनी आय बढ़ा सकें और अपने जीवन में सुधार ला सकें।

## आधुनिक यंत्रों से खेती में उत्पादन और आय बढ़ाने पर दिया गया जोर

# कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने हुआ कृषक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



कृषि क्षेत्र में यंत्रीकरण को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से विभाग फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा अनुसूचित जाति उप योजना, अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (प्रक्षेत्र उपकरण और मशीनरी) के अंतर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र, बेमेतरा में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राजेश कुमार नायक, विभागाध्यक्ष, फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के पूजन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। कृषि विज्ञान केंद्र, बेमेतरा की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कृषि कार्यों को समय पर पूरा करने तथा उत्पादन बढ़ाने के लिए कृषि यंत्रों का उपयोग अत्यंत आवश्यक है।

**प्रशिक्षण सत्र में तकनीकी मार्गदर्शन-** मुख्य अतिथि डॉ. राजेश कुमार नायक ने खेत की तैयारी एवं बोवाई के लिए आवश्यक कृषि यंत्रों की जानकारी पॉवर प्वॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से दी। उन्होंने रोटावेटर, रीजर, कल्टीवेटर, रिपर, डोजर, लोडर, मूवर, धान रोपाई यंत्र, रोटरी टिलर, मोटर चालित दुध दुहने की मशीन, कंबाइंड हार्वेस्टर, हैपी सीडर, सुपर सीडर, अंबिका वीडर जैसे आधुनिक उपकरणों के उपयोग एवं उनकी उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. उमेश ध्रुव ने कहा कि हरियाणा और पंजाब जैसे राज्यों में कृषि यंत्रीकरण का उपयोग सर्वाधिक है, जबकि छत्तीसगढ़ में अब यह 48 प्रतिशत तक पहुँच चुका है। छोटे किसानों के लिए कतार बोनी यंत्र, धान थ्रेसर, बीज बुवाई यंत्र, अंबिका पैडी वीडर जैसे यंत्र अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। ईजी. प्रवीण वर्मा ने कृषि उपकरणों पर मिलने वाली सब्सिडी की जानकारी दी, वहीं डॉ. संदीप भंडारकर ने कहा कि मजदूरों की कमी के इस समय में कृषि कार्यों को मशीनीकृत कर उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि संभव है।

**ये रहे उपस्थित-** कृषक-वैज्ञानिक संवाद एवं समापनप्रशिक्षण के दौरान कृषकों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं का आकलन किया गया तथा वैज्ञानिकों के साथ संवाद सत्र आयोजित हुआ, जिसमें कृषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन के पश्चात कृषकों को कृषि विज्ञान केंद्र की प्रदर्शन इकाइयों का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र, बेमेतरा के वैज्ञानिकगण, अधिकारीगण एवं जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए 50 से अधिक कृषक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### जिला न्यायालय में ग्रीन दीपावली मनाने कार्यशाला आयोजित

दुर्ग। उच्चतम न्यायालय एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के द्वारा ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए सक्रिय कदम उठाने के समय-समय पर दिशा-निर्देश दिए जाते रहे हैं, जिससे प्रेरित होकर 16 अक्टूबर को जिला न्यायालय दुर्ग के नवीन सभागार में न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों व पैरालीगल वॉलेंटियर्स हेतु ग्रीन दीपावली मनाएं. प्रदूषण मुक्त दीप जलाएं विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने ग्रीन दीपावली मनाने का संकल्प लिया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारीगण, न्यायालयीन कर्मचारीगण तथा पैरालीगल वॉलेंटियर्स बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यशाला में परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश थॉमस एक्का तथा जिला न्यायालय के उच्च न्यायिक सेवा अधिकारी प्रशांत पाराशर के द्वारा दीपावली में तेज आवाज वाले फटाखों तथा धुएं से होने वाले ध्वनि तथा वायु प्रदूषण से पशु, पक्षियों, बच्चों एवं वरिष्ठजनों को होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में अवगत कराते हुए ग्रीन दीपावली मनाए जाने के लिए प्रेरित किया। उनके द्वारा यह भी विदित किया गया कि दीपावली के दौरान फोड़े जाने वाले फटाखों के धुएं से पीएम 2.5 गंभीर वायु प्रदूषण का स्तर दस गुना तक बढ़ जाता है।

### साहित्य अपने युग का दस्तावेज : पटेल

दुर्ग। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा रूसा 2.0 योजनानुरूप व्याख्यानमाला का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में दो व्याख्यान हिन्दी साहित्य का इतिहास पढ़ना क्यों जरूरी है, तथा हिन्दी एवं छत्तीसगढ़ी की डिजिटल दुनिया, विषय पर सम्पन्न हुआ। जिसमें अतिथि वक्ता डॉ अभिषेक कुमार पटेल, सहायक प्राध्यापक, शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही तथा अधिवक्ता व ब्लागर संजीव तिवारी के विचारों से विद्यार्थी लाभन्वित हुए।

# प्रत्येक व्यक्ति को आयुर्वेद के विषय में ज्ञान होना आवश्यक : राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

धन्वंतरि स्वास्थ्य सप्ताह पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा स्वास्थ्य ज्ञान यज्ञ संगोष्ठी का आयोजन शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राधाकृष्णन हॉल में किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य भारतीय योग विज्ञान की तरह भारतीय चिकित्सा विज्ञान आयुर्वेद स्वास्थ्य संरक्षण के अनूठे विज्ञान को जन-जन तक पहुंचाना हैं।

साथ ही यह संगोष्ठी स्वस्थ रहने के सहज, सरल विज्ञान को विस्तार से समझने, स्वस्थ समाज निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने, विभिन्न प्रकार की बीमारियों पर रोक लगाने में एक महती भूमिका निभाएगी। धन्वंतरि जयंती के अवसर पर स्वास्थ्य जागरण, आयुर्वेदिक ज्ञान का प्रसार करने के हेतु स्वास्थ्य ज्ञान संगोष्ठी का आयोजन एक मील का पत्थर साबित होगी।

मुख्य अतिथि दुर्ग संभाग के संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी संगोष्ठियाँ शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ रहने के बारे में जानकारी और जागरूकता फैलाने पर केन्द्रित होती है। उन्होंने आगे बताया कि कोरोना काल में किस प्रकार आयुर्वेद चिकित्सा ज्ञान ने न केवल उन्हें बल्कि पूरे परिवार को भी सुरक्षित रखा। प्रत्येक व्यक्ति को आयुर्वेद के विषय में ज्ञान होना आवश्यक है। जिससे न केवल हमारा परिवार बल्कि समाज भी स्वस्थ एवं प्रतिस्पर्धी बनेगा और भारत के विश्व गुरू बनने का भी सपना पूरा हो सकेगा।

## हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग में स्वास्थ्य ज्ञान यज्ञ संगोष्ठी का आयोजन

### आयुर्वेद का अर्थ, आयु को बढ़ाना : कुलपति

हेमचंद यादव विश्वविद्यालयए दुर्ग कुलपति प्रो डॉ संजय कुमार तिवारी ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि आयुर्वेद का अर्थ है आयु को बढ़ाने वाला ज्ञान। उन्होंने आगे बताते हुए कहा कि केन्द्र सरकार ने आयुर्वेद विज्ञान को बढ़ावा देने के लिए एक नया मंत्रालय आयुष मंत्रालय के रूप में स्थापित किया। भारत सरकार ने आयुर्वेद पद्धति को बढ़ावा देते हुए ऐलोपैथी चिकित्सा पद्धति का इसे एक उपयुक्त विकल्प मानते हुए इस हेतु बजट के आकार में वृद्धि की है। इससे न सिर्फ हमारी पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को बल मिलेगा बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य लाभ भी मिलेगा।



### समय पर नहीं, भूख लगने पर खाना उचित

संगोष्ठी के मुख्यवक्ता डॉ मनोहर लहेजा, प्रांताध्यक्ष, विश्व आयुर्वेद परिषद् ने आयुर्वेद के विषय में गूढ़ जानकारी दी और कहा कि ज्यादा से ज्यादा प्राकृतिक खाद्य पदार्थों का सेवन करना उचित होता है। प्रत्येक व्यक्ति को समय देखकर नहीं बल्कि भूख लगने पर उचित खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए। डॉ राजेन्द्र अग्रवाल, प्रांत उपाध्यक्ष, आरोग्य भारती ने व्याख्यान में कहा कि विभिन्न जड़ी-बूटियों की जानकारी दी जो शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ शरीर को स्वस्थ भी रखता है। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह ने स्वागत संबोधन दिया। सहायक कुल सचिव दिग्विजय कुमार सिंह ने संगोष्ठी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।


## दुर्ग निगम क्षेत्र की 7 जगहों पर अवैध प्लाटिंग करने वाले बिल्डरों को नोटिस

# न बिजली न पानी, आने-जाने के लिए मार्ग भी नहीं, ऐसी जगहों पर धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग

## राज्य शासन के आदेश के बाद स्थानीय निकायों ने कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में पिछले करीब तीन सालों से प्रशासन के नाक से नीचे धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। राजस्व महकमें, स्थानीय निकायों और प्रशासनिक तंत्रों के संरक्षण के चलते पिछले कुछ समय में यह कारोबार तेजी से फलभूल रहा है। इसे लेकर अब तक हुई शिकायतों पर सिर्फ कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हुई है। इतना ही नहीं शासन के आदेश भी दरकिनार किए गए हैं। पिछले दिनों कलेक्टर जनदर्शन में कुछ पार्षदों ने इस मामले को लेकर शिकायत की। इधर राज्य शासन ने पुनः अवैध प्लाटिंग करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद दुर्ग निगम ने शहर के आउटर कॉलोनियों में जांच शुरू की। इस दौरान 7 से ज्यादा जगहों पर अवैध प्लाटिंग की शिकायत सामने आई है। खास बात यह है कि इन जगहों न पर न ही पेयजल के इंतजाम हैं, न ही बिजली सप्लाई है। आवागमन के लिए सड़क तक नहीं है। जगह का डायवर्सन तक नहीं कराया गया है। जमीन खरीदारों को गुमराह कर गलत जानकारी देकर जमीन बेचा जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों के मुताबिक इन भूमाफियाओं के चंगुल में पिछले कुछ समय में 1 हजार से ज्यादा ऐसे लोग फंसे हैं, जिन्होंने भरोसा कर पैसा लगाया। अब बिल्डर और जमीन दलालों के चक्कर काट रहे हैं। इसे देखते हुए ही प्रशासन ने ऐसे बिल्डर, कॉलोनाइजर, जमीन दलाल और भूमाफियाओं के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।



### नहीं है कोई डर, चल रहा बेखौफ कारोबार, शिकायत का असर नहीं

निगम प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समयावधि में संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी और इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित बिल्डर की होगी। इस कार्रवाई को लेकर शहर में चर्चा है कि लंबे समय से अवैध प्लाटिंग पर आंख मूंदे बैठे अधिकारियों ने आखिरकार जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों के दबाव में कदम उठाया है। अब देखना यह होगा कि क्या निगम वास्तव में इन अवैध कॉलोनियों पर रोक लगाता है या यह कार्रवाई सिर्फ औपचारिकता बनकर रह जाएगी। खास बात यह है कि अवैध प्लॉटिंग करने वालों को कोई डर नहीं है। वे किसी ने नहीं डर रहे हैं। बेखौफ होकर कारोबार संचालित कर रहे हैं। बता दें कि पिछले कुछ दिनों पूर्व प्रशासन ने ऐसे कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की। कब्जे तोड़, बावजूद इसके अवैध प्लाटिंग का यह खेल अब भी जारी है।

### अहिवारा, जामुल, भिलाई-चरोदा क्षेत्र में भी प्लॉटिंग

दुर्ग के अलावा जामुल के शिवपुरी में सरकारी जमीन पर ही अवैध प्लाटिंग शुरू कर दी गई है। राजनीतिक संरक्षण में यह खेल चल रहा है। जामुल के कई इलाकों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में प्लाटिंग हो रही है। इसी प्रकार भिलाई-चरोदा,कैलाशनगर, शांतिनगर, कुम्हारी, ग्राम चोरहा, नेहरूनगर, जेवरा-सिरसा, समोदा, चिखली के आसपास, बेलौदी रोड पर अवैध प्लाटिंग हो रही है। इन सारी जगहों पर सारे नियम कायदों को ताक पर रखकर प्लाटिंग हो रही है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी महकमें से मिली भगत कर यह कारोबार चलाया जा रहा है।

### बोरसी, हनोदा, धनोरा, पोटिया, पुलगांव, बेलौदी में चल रहा खेल

जानकारी के मुताबिक दुर्ग शहर के बोरसी, हनोदा, धनोरा, पोटिया, पुलगांव, बेलौदी, चिखली, उरला, मोहलाई, अंजोरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। सस्ते दरों में प्लॉट उपलब्ध कराए जाने का झांसा देकर लोगों को प्लॉट बेचे जा रहे हैं। रोड-रास्ता बताकर जमीन का सौदा कर रहे हैं। दुर्ग निगम ने श्रीराम बिल्डर, आरवी हाउसिंग, अष्ट विनायक हाउसिंग, कुमावत बिल्डर, राधा बिल्डर, बत्रा बिल्डर, मल्हार बिल्डर, बालाजी बिल्डर और तिरुपति विहार सहित कई अन्य बिल्डरों को नियमों की अनदेखी कर भूखंड बेचने और मकान निर्माण करने की शिकायतों के बाद नोटिस जारी किया है। इन बिल्डरों के खिलाफ लिखित शिकायत की गई थी। शिकायत में कहा गया था कि बोरसी, पोटिया, पटरी पार और नदी रोड क्षेत्र में बिना किसी वैधानिक अनुमति के कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं, जहां सड़क, नाली, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। नोटिस में कहा गया है कि बिल्डर द्वारा नगर एवं ग्राम निवेश विभाग और नगर निगम से अनुमति लिए बिना मकान निर्माण और विक्रय किया जा रहा है, जो नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों का उल्लंघन है। निगम ने बिल्डर से स्वीकृत लेआउट, भवन निर्माण अनुमति, कॉलोनाइजर लाइसेंस, कॉलोनी विकास अनुमति और भूमि स्वामित्व से संबंधित सभी दस्तावेज प्रस्तुत करें।

# एडीआरएम पहुंचे भिलाई तीन, लोगों से पूछी जरुरतें





हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के रायपुर डिवीजन भिलाई रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को एडीआरएम बजरंग अग्रवाल अमृत संवाद करने भिलाई तीन रेलवे स्टेशन पहुंचे। अमृत संवाद कार्यक्रम विशेष स्वच्छता अभियान 5.0 के तहत आयोजित किया।

इस दौरान एडीआरएम बजरंग अग्रवाल ने मौके पर जुटे जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों से भिलाई रेलवे स्टेशन की जरुरतों के बारे में पूछा। जिसे लेकर एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टापेज और स्टेशन पर दूसरे प्रवेश द्वार समेत रेलवे कालोनी से जुड़ी मांगों की ओर एडीआरएम का ध्यानाकर्षण कराया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के मद्देनजर अमृत भारत योजना के तहत विकसित स्टेशनों पर अमृत संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एडीआरएम रायपुर बजरंग अग्रवाल मौजूद थे। एसीएम शेषमणि पाण्डेय और चीफ स्टेशन मास्टर दुर्ग लखबीर सिंह मुंगेड़ा भी थे। श्री अग्रवाल ने बताया कि भिलाई स्टेशन का अमृत भारत योजना के तहत कायाकल्प किया गया है। स्टेशन का जो विकास हुआ है वह कितना कारगर है। इसके अलावा क्या प्राथमिक होनी चाहिए, इसलिए यह अमृत संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### जनप्रतिनिधियों ने रखी मांग

मौके पर जुटे जनप्रतिनिधियों ने भिलाई स्टेशन के विकास की सराहना करते हुए उत्तर एवं दक्षिण भारत के लिए चलने वाली कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टापेज देने की मांग की है। पूर्व पार्षद लावेश मदनकर ने रेलवे कालोनी में बिजली, पानी और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग रखी। उन्होंने रेलवे कालोनी के जर्जर आवासों की ओर भी ध्यानाकर्षण कराया। पुरैना की पार्षद रंजीता बेनुआ ने पुरैना से भिलाई-3 आने जाने के लिए ओएचई आफिस के पास से ओवरब्रिज निर्माण किए जाने की मांग रखी। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता गणेश शुक्ला ने किया।

## पेज 11 के शेष...

### मासूलगोंदी में निकली...

हुए कहा कि ऐसे आयोजन से न केवल हितग्राही प्रेरित होते हैं, बल्कि ग्राम में विकास के प्रति सामूहिक भावना भी मजबूत होती है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का उद्देश्य प्रत्येक बेघर परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराना है, ताकि "सबका साथ-सबका विकास" के संकल्प को साकार किया जा सके। दीपावली जैसे शुभ अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम ग्राम में सामाजिक एकता, सहयोग और विकास की भावना का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करता है।

### टठिया गांव में हुई...

तिवारी ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किए, साथ ही सभी को खेल भावना और अनुशासन बनाए रखने का संदेश दिया।

ये रहे उपस्थित- इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डोमेंद्र सिंह राजपूत, सरपंच प्रतिनिधि श्री श्यामलाल नेताम, परमानंद सिंह राजपूत, अनिल सिंह राजपूत, मुकेश सिंह राजपूत, गुना राम साहू, माधव साहू, संजय सिंह राजपूत, बलराम यादव, राजू राजपूत, अमरनाथ साहू, लक्ष्मीकांत राजपूत, प्रद्युम राजपूत, जय राम साहू, बालकृष्ण साहू, सूर्य प्रकाश शर्मा, एवं पूर्व जनपद सदस्य जिनेंद्र साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### तहसील अध्यक्ष का...

पद पर तखत साहू को 411 व उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी चेलाराम साहू को 277 वोट प्राप्त हुआ। इस प्रकार 134 वोट से तखत साहू विजयी हुए। वहीं संगठन सचिव (महिला) पद पर लक्ष्मी साहू को 389 व उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी मंजू साहू को 304 वोट प्राप्त हुआ। इस प्रकार 85 वोट से लक्ष्मी साहू विजयी हुए। यह चुनाव साहू समाज के संगठन सृजन अभियान के तहत हुआ, जिसके अंतर्गत प्रत्येक तहसील और गांव में पदाधिकारियों की नियुक्ति की जा रही है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष भारतभूषण साहू ने कहा कि उनके नेतृत्व में समाज में नई ऊर्जा, एकता और प्रगति की लहर आएगी। उनकी कर्मनिष्ठा, संगठन कौशल और समाज सेवा की भावना से साहू समाज नई ऊंचाइयां प्राप्त करेगा। उनके नेतृत्व में युवा, महिलाएं और वरिष्ठजन एक सशक्त समन्वय के साथ समाज के विकास में योगदान देंगे।

**युवा और मातृ शक्ति को आगे बढ़ाने पर जोर : सुमन-** महिला उपाध्यक्ष सुमन साहू ने कहा कि यह पद मेरे लिए सम्मान नहीं बल्कि दायित्व है। हमारा समाज परिश्रम, ईमानदारी और एकता की पहचान रखता है। अब समय है कि हम अपने संगठन को और सशक्त बनाएं, शिक्षा, स्वावलंबन और सामाजिक जागरूकता को हर घर तक पहुंचाएं। हम मिलकर युवा और मातृ शक्ति व समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प लें।

# ट्रैफिक पुलिस ने बस यूनियन प्रतिनिधि की बैठक ली, अनुशासन व जिम्मेदारी को लेकर जोर दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

ट्रैफिक पुलिस ने नेहरू नगर दुर्ग में बस यूनियन के पदाधिकारियों, बस स्वामियों, चालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक एएसपी ट्रैफिक रिचा मिश्रा ने लिया। इस दौरान अनुशासन व जिम्मेदारी पर जोर दिया गया। सड़क सुरक्षा को

- हादसों में कमी लाने का बड़ा अभियान

सुदृढ़ बनाने ट्रैफिक पुलिस काम कर रही है। बस यूनियन अपने चालकों को यह सुनिश्चित कराया गया कि किसी भी स्थिति में नशे की हालत में वाहन संचालन न करें। चालक की स्थिति जांचकर ही बस का संचालन शुरु करे। बसें केवल निर्धारित मार्गों पर मुख्य सड़कों से ही संचालित हों। सर्विस रोड अथवा गलत साइड में बसें चलाने परदंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बिना परमिट या वैध दस्तावेजों के बस संचालन को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। ऑटो चालकों को भी निर्देशित किया गया है कि वे सड़कों के बीच या मुख्य मार्गों पर वाहन खड़ा न करें। यात्रियों को केवल निर्धारित ऑटो स्टैंड या किनारे पर ही चढ़ाएं। चालकों से यह भी कहा गया कि वे गति सीमा, ट्रैफिक सिग्नल, लेन अनुशासन और नो पार्किंग नियमों का कड़ाई से पालन करें। एएसपी सुश्री मिश्रा ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा और अनुशासन को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर अभियान चलाए जा रहे हैं। शहर के प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रतिदिन चेकिंग टीमों की तैनाती, वाहन चालकों की जागरूकता काउंसलिंग तथा स्कूल, कालेजों में ट्रैफिक वर्कशॉप आयोजित की जा रही है।



### नियंत्रण एवं जिम्मेदारी की भावना

ट्रैफिक एएसपी ने बताया कि इन प्रयासों का उद्देश्य चालकों में नियंत्रण एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है ताकि दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके और आम नागरिक सुरक्षित रूप से यात्रा कर सकें। ट्रैफिक अनुशासन केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि जनसुरक्षा की जिम्मेदारी है। हर चालक, वाहन स्वामी, नागरिक यदि अपनी भूमिका जिम्मेदारी से निभाए तो हादसों में कमी लाई जा सकती है। ट्रैफिक पुलिस की अपील है कि वाहन चलाते समय सदैव हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग करें। नशे की हालत में वाहन न चलाएं तथा दूसरों को भी ऐसा करने से रोकें। ट्रैफिक पुलिस ने बस यूनियन प्रतिनिधियों की बैठक ली।

### दिवाली पर गांव-गांव में सजने लगे जुआरियों के फड़

हरिभूमि न्यूज ⏭पाटन

दीपावली का त्यौहार आते ही पाटन तहसील और इसके आसपास के गांवों में जुआ खेलने का दौर तेजी से बढ़ गया है। दीपावली के इस पर्व के साथ ही गांव-गांव में जुआ के फड़ सजने लगे हैं।

रात के अंधेरे में फार्म हाउस, चौपालों और सुने मकानों में ताश के पत्ते खुल रहे हैं और बड़ी मात्रा में नगदी का लेन-देन जाम के हो रहा है। यहां तक जुआ के फड़ में लाखों रुपए के दाव लग रहे हैं। बताया जाता है की राजनीतिक दलों के छुट भैय्या नेता जम कर जुआ के फड़ में बढ़ चढ के हिस्सा ले रहे है। दीपावली के बहाने कुछ लोग इसे मनोरंजन बताते हैं, लेकिन असल में यह अवैध जुआ कारोबार अब एक संगठित रूप ले चुका है पाटन पुलिस को कई बार इसकी सूचना और शिकायतें मिल चुकी हैं, परंतु कार्रवाई न होने से जुआरियों के हौसले बुलंद हैं। पुलिस कभी-कभी छापामार कार्रवाई करती है, लेकिन मुखबिरी या पहले से जानकारी लीक होने के कारण जुआरी मौके से भाग निकलते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इन दिनों जुआ खेलों के साथ शराबखोरी और आपसी विवाद की घटनाएँ भी बढ़ रही हैं।

### पीएम आवास : अंतिम पात्र-अपात्रों की सूची जारी

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत मोर मकान मोर आस अंतर्गत आपत्ति दावा की प्रक्रिया के संपादन पश्चात अंतिम पात्र अपात्र की सूची प्रकाशित की जा रही है। इस सूची को विभागीय वेबसाईड पर देखा जा सकता है तथा यह सूची नगर निगम के मुख्य कार्यालय में एवं डाटा सेंटर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा में चस्पा किया गया है।

**न्यायालय कलेक्टर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

प्रकरण क्रमांक /ब-121/वर्ष 2024-2025

आवेदक- हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड पंजीकृत कार्यालय- हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस, सरदार पटेल रोड, गुंडे चेन्नई 600032 भारत शाखा कार्यालय- हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस, पुजारी चेम्बर्स, पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ.ग.) द्वारा- प्राधिकृत अधिकारी

विरूद्ध

अनावेदक- 1. श्री अमृतदास पिता महित्रो 2. श्रीमती सम्मत बाई रात्रे पति अमृतदास रात्रे 3. श्री रज्जुलाल धृतलहरे पिता गोविन्द सभी निवासी- ग्राम भोईनाभाठा, मोहतरा, तहसील व जिला बेमेतरा (छग)

आवेदक द्वारा अनावेदकगण के विरूद्ध वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा- 14 के अंतर्गत "सिक्युर्ड असेटस का कब्जा पुलिस की सहायता से प्राप्ति हेतु" आवेदन पेश किया गया है। इस संबंध में अनावेदकगण को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त मामले की सुनवाई दिनांक 27.10.2025 दिन सोमवार को समय दोपहर 03-00 बजे स्थान- न्यायालय कलेक्टर जिला बेमेतरा (छ.ग.) पर होगी। अतएव आप स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उक्त सुनवाई तिथि को अनिवार्यतः उपस्थित होवें। निर्धारित तिथि में उपस्थित नहीं होने की स्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 29/09/2025 को न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

आदेशानुसार - **कलेक्टर, जिला बेमेतरा**
बेमेतरा दिनांक - 29/09/2025

**न्यायालय कलेक्टर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

प्रकरण क्रमांक /ब-121/वर्ष 2024-2025

आवेदक- हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड पंजीकृत कार्यालय- हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस, सरदार पटेल रोड, गुंडे चेन्नई 600032 भारत शाखा कार्यालय- हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस, पुजारी चेम्बर्स, पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ.ग.) द्वारा- प्राधिकृत अधिकारी

विरूद्ध

अनावेदक- 1. श्री राकेश तिवारी पिता सुखनंदन तिवारी 2. श्री रवि तिवारी पिता सुखनंदन तिवारी दोनों निवासी- वार्ड नं. 19 राम मंदिर वार्ड, बेमेतरा तहसील व जिला बेमेतरा (छग)

आवेदक द्वारा अनावेदकगण के विरूद्ध वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा- 14 के अंतर्गत "सिक्युर्ड असेटस का कब्जा पुलिस की सहायता से प्राप्ति हेतु" आवेदन पेश किया गया है। इस संबंध में अनावेदकगण को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त मामले की सुनवाई दिनांक 27.10.2025 दिन सोमवार को समय दोपहर 03-00 बजे स्थान- न्यायालय कलेक्टर जिला बेमेतरा (छ.ग.) पर होगी। अतएव आप स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उक्त सुनवाई तिथि को अनिवार्यतः उपस्थित होवें। निर्धारित तिथि में उपस्थित नहीं होने की स्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 29/09/2025 को न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

आदेशानुसार - **कलेक्टर, जिला बेमेतरा**
बेमेतरा दिनांक - 29/09/2025

**न्यायालय कलेक्टर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

प्रकरण क्रमांक /ब-121/वर्ष 2024-2025

आवेदक- हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड पंजीकृत कार्यालय- हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस, सरदार पटेल रोड, गुंडे चेन्नई 600032 भारत शाखा कार्यालय- हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस, पुजारी चेम्बर्स, पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ.ग.) द्वारा- प्राधिकृत अधिकारी

विरूद्ध

अनावेदक- 1. श्री रामजी यादव पिता फिरंगी यादव 2. श्रीमती सहोद्रा बाई पति रामजी यादव दोनों निवासी- ग्राम चिल्फी, यादव पारा पो. दाढ़ी तहसील व जिला बेमेतरा (छग)

आवेदक द्वारा अनावेदकगण के विरूद्ध वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा- 14 के अंतर्गत "सिक्युर्ड असेटस का कब्जा पुलिस की सहायता से प्राप्ति हेतु" आवेदन पेश किया गया है। इस संबंध में अनावेदकगण को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त मामले की सुनवाई दिनांक 27.10.2025 दिन सोमवार को समय दोपहर 03-00 बजे स्थान- न्यायालय कलेक्टर जिला बेमेतरा (छ.ग.) पर होगी। अतएव आप स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उक्त सुनवाई तिथि को अनिवार्यतः उपस्थित होवें। निर्धारित तिथि में उपस्थित नहीं होने की स्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 29/09/2025 को न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

आदेशानुसार - **कलेक्टर, जिला बेमेतरा**
बेमेतरा दिनांक - 29/09/2025

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


नेहल सुपर बाजार
विशेष छुट
FESTIVAL
हर खरीदी पर निश्चित उपहार साथ ही पायें आकर्षक छुट
नेहल सुपर बाजार
नेहल सुपर बाजार के ओर से आप सभी को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं...
ओडोनील रूम स्प्रे 3pcs MRP-338 OUR PRICE -260/-
अप्पु ब्रांड फिनायल 5 liter OUR PRICE - 145/-
मैमी पोको पैंट MRP - 399 OUR PRICE - 330/-
सुंदर रसगुल्ला MRP 260 1Kg BUY 1 GET 1 FREE
सर्फ एक्सेल 5Kg MRP-770 OUR PRICE-550/-
पियर्स साबुन 4X125g MRP-339 OUR PRICE-280/-
फेना क्लाथ साबुन MRP - 10 OUR PRICE -8/-
हल्दीराम भुजिया 1Kg-MRP-260 OUR PRICE -225/-
घड़ी पाउडर 1Kg MRP-71 OUR PRICE-65/-
हिमालया बेबी लोशन 200ml MRP-195 OUR PRICE-170/-
रैड लेबल चाय 1Kg MRP 560 OUR PRICE 460/-
सुंदर सोनपापड़ी MRP 160 400g BUY 1 GET 1 FREE
नियम व शर्तें लागुः-
प्रत्येक 1000 रु. की खरीदी में निश्चित उपहार
2000 रु. की खरीदी करने पर 1kg शक्कर फ्री
3000 तक की खरीदी करने पर NAYASSA 1100ml का शानदार बॉटल फ्री
यह ऑफर दीवाली तक, (ऑफर में बदलाव दुकानदार के द्वारा कभी भी संभव)
प्लास्टिक स्टेशनरी व ग्रासरी के विस्तृत रेंज
FREE DELIVERY
नेहल सुपर बाजार कलेक्टर ऑफिस के सामने कोबिया बेमेतरा 9424230160
फ्री होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध है।


AGRI EMPIRE
SINCE 2019
लक्ष्मी पूजा, दीपावली, धनतेरस, भाईदूज, गोवर्धन पूजा की बधाई एवं शुभकामनाएं...
विशेषताएं
हल्का वजन, गीले खेतों के लिए सर्वोत्तम, अधिक ग्राउण्ड क्लीयरेंस, 102 एसपी शक्तिशाली इंजन, 360 डिग्री प्रदर्शन, कटर बार 7.25 फीट लंबा, 2 एकड़ प्रति घंटा कटाई, स्टेनलेस स्टील घटक,
कम रखरखाव वाली मशीन - पैसे के लिए मूल्य,
डिस्चार्ज ऑगर 360 डिग्री तक घुमता है जिससे अनाज उतारना आसान हो जाता है,
बहुत उपयोगी ग्राहक अनुकूल - पैसा बचाने वाला और कमाने वाला - कम टूटता है,
सिंगल लीवर ऑपरेशन संचालन में आसानी - कम थकान - अधिक काम - अधिक पैसा
MKU
MODERN
कृषि उपकरण
निर्माता एवं विक्रेता
VISHAL 435
वर्मा ट्रेक्टर्स एवं हार्वेस्टर
सुन्दर नगर रायपुर रोड, बेमेतरा
प्रो.: तुकेश्वर वर्मा
Mob.: 9753382222, 9425516940

## खबर संक्षेप

### कच्ची शराब बेंचते एक महिला गिरफ्तार

**कवर्धा।** आबकारी वृत्त पंडरिया क्षेत्र में आबकारी विभाग की टीम ने छापेमारी कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान 3 स्थानों पर जांच की गई। एक प्रकरण में कच्ची महुआ शराब बेचते महिला को गिरफ्तार किया है। वहीं टीम ने 10 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की है और 20 किलो ग्राम महुआ लाहन मौके पर नष्ट किया। जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे ने बताया कि गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मुनगाडीह (थाना कुकदूर) में तीरधबाई पति समयलाल धुर्वे अवैध तरीके से कान्मी महुआ शराव बेच रही है। सूचना पर दबिश देते हुए टीम ने आरोपी के मकान की तलाशी ली, जहां से अवैध कच्ची शराब और महुआ लाहन बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आक्कारी अधिनियम 1915 (संशोधित) को धारा 34(1) (क) (च), 34(2) 59(क) के तहत गैर-जमानती प्रकरण दर्ज किया गया है।ख्शी के नेतृत्व में की गई।

### सैनिक स्कूल में दाखिले के लिए आवेदन 30 तक

**कवर्धा।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए सैनिक स्कूल अंबिकापुर में कक्षा 6वीं और 9वीं में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस प्रवेश के लिए अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा किया जाएगा। जिले के इच्छुक विद्यार्थी एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर शाम 5 बजे तक तय की गई है।

### बिहान स्वदेशी बाजार बना आकर्षण का केन्द्र

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में बिहान स्वदेशी बाजार शहर के वीर सावरकर भवन में लगाया गया है। हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी का संदेश देते हुए स्थानीय स्तर पर उत्पादित विभिन्न आकर्षक सामग्रियों का स्टाल प्रदर्शनी सह विक्रय के लिए भी उपलब्ध है। वीर सावरकर भवन में लगे स्वदेशी बाजार का आज अंतिम व आखिरी दिन है। तीन दिवसीय बाजार में महिला समूह के सदस्यों द्वारा बनाए गए विभिन्न सामग्रियां ने शहर वासियों को बहुत आकर्षित किया है और यही कारण है की 2 दिनो में 30000 से अधिक के सामानों की बिक्री हो गई है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में संचालित 16 अक्टूबर से चल रहे स्वदेशी बाजार का समापन 18 अक्टूबर देर शाम को होगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि बिहान अंतर्गत स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित स्वदेशी वस्तुओं जैसे मिट्टी की मुर्ति, दीया, बांस से बने सामाग्री, आचार, पापड़ बड़ी, पापड़, हल्दी, मिर्च, धनिया, मसाले, नमकीन, कुकीज, ऑर्गेनिक गुड़, कोदो-कुटकी, ब्लैक राईस इत्यादि का प्रदर्शनी सह विक्रय का स्टॉल लगा है। आगामी दिनों में दीपोत्सव को देखते हुए समूह द्वारा बनाए गए रंगारंग दिए मूर्तियां एवं खाद्य पदार्थों का गिफ्ट हैंपर लोगों को बहुत पसंद आ रहा है और महिला समूह द्वारा बनाए गए इन सभी वस्तुओं को बहुत ही कम दरों पर विक्रय किया जा रहा है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लुफ्त उठाने के लिए गरमा-गरम चिला चौसेला साबूदाना का बड़ा वा अन्य खाद्य पदार्थ बहुत ही कम दर पर लोगों के लिए उपलब्ध है।

### अध्यक्ष शर्मा ने किया निरीक्षण, पारदर्शिता पर जोर

कवर्धा। छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने गत दिनो जिला कार्यालय के सभाकक्ष में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम से संबंधित विभागों खाद्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग की संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में पूरक पोषण आहार योजना, मध्यान्ह भोजन योजना, तथा आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित आश्रम-छात्रावासों को बीपीएल दर पर प्रदाय खाद्यान्न की पात्रताओं के क्रियान्वयन एवं निगरानी तंत्र पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

**पर्व : परंपराओं का किया जीवंत चित्रण, सुआ गीत और झांकी बनी आकर्षण का केंद्र**

# शासकीय कन्या प्राथमिक शाला में दीपावली की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर मे बस्ता विहीन शनिवार के दिन दीपावली उत्सव बहुत ही धूम धाम से मनाया गया जिसमें बच्चों ने घड़ा सजाया, तोरण निर्माण किया। दीपावली के पाँच दिवसों को प्रदर्शन किया गया। जिसमें धनतेरस के लिये तेरह आटे के दिये जलाए बच्चों ने स्वयं उसका महत्व और कारण बताया दिलेश्वरि ढीमर ने कहा की यह दिन भगवान धनवंतरी क्ऱा प्राकट्य के रूप मे मनाया जाता हैं इस दिन तेरह आटे के दिया जलाकर कुबेर व लक्ष्मी माता क्ऱा स्मरण किया जाता हैं चांदी सोना खरीदना शुभ माना जाता हैं। नरक चतुर्दशी के लिये चौदह मिट्टी के दिये जलाए और सोनिया ने बताया की यह दिन यम के देव यमराज की पूजा क्ऱा होता हैं इस दिन उनको स्मरण कर दिये जलाने से अकाल मृत्यु के भय से बचते हैं। तृतीय दिवस लक्ष्मी पूजा के लिये माता लक्ष्मी की पूजा कर दिये जलाए। भावना गोस्वामी ने बताया की इस दिन को सुरुत्ति भी कहा जाता हैं माता लक्ष्मी की पूजा की जाती हैं घर में दीप जलाए जाते हैं फटाके चलाते हैं गाड़ियों की भी पूजा करते हैं। चतुर्थ दिवस के लिये गोवर्धन और गौरा गौरी क्ऱा निर्माण किया गया सभी ने गौरा गौरी और गोवर्धन पूजा ला नायिका याचना पटेल ने बताया की इस दिन को गोवर्धन पूजा और दीपावली कहा जाता हैं इस दिन भगवान श्रीराम चौदह वर्ष के वनवास उपरांत अयोध्या वापस आये तो अयोध्या वासियों ने उनका दिये जलाकर स्वागत किया। इसी की याद मे हम भी घर के कोने कोने और सभी जगहों मे दिये जलाते हैं अपने साथ साथ दूसरों के घरों को भी रौशन करने उनके घर दिये पहुंचाते हैं गोवर्धन भगवान की पूजा होती हैं फटाके चलाते हैं। पंचम दिवस भाई दूज हेतु थाली तैयार कर भाई बहन की पूजा क्ऱा चित्रण किया गया। डॉली ने बताया की इस दिन को भाई दूज कहते हैं इस दिन बहन अपने बहन की पूजा करती हैं उसे पकवान बनाकर खिलाती हैं भाई अपनी बहन को उपहार और रक्षा क्ऱा वचन देता हैं।

> ■ बच्चों ने दीपावली के पांच दिवसों को किया प्रदर्शित

**झांकी निकालने के बाद हुआ दीप प्रज्ज्वलन:** बच्चों ने सुवा गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी गौरी गौरा की झांकी निकाली गई दिये प्रज्वलित किये गये। प्रधान पाठिका गिरिज़ा पटेल ने बच्चों को फुलझड़ी वितरण किया व व दिवाली के उपलक्ष्य पर आंशिक न्योता भोज के रूप मे स्वल्पाहार कराया समाज से मंजू अग्रवाल आस्था अग्रवाल और मीठी अग्रवाल द्वारा बच्चो को मीठा और रंगोली वितरित किया गया।

**सीखने का सबसे प्रभावी तरीका – खुद करके देखना:** प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल ने बताया की यह आयोजन बच्चो के करके देखने की अवधारणा हेतु किया गया। जिससे की बच्चों के द्वारा दीवाली क्ऱा जीवंत चित्रण कर जाना गया। जैसा हम अपने घरों में करते हैं बच्चे पूर्व से ही उत्साह के साथ दीपावली की तैयारी मे लगे हुवे थे आज वे सभी दीपावली के विषय मे बोल व लिख पाएंगे। उक्त आयोजन में शिक्षिका वीणा रावटे प्रियंका साहु रसोइया महेसिया निषाद, पुष्पा साहू, रमौतिन साहू उपस्थित थे। बच्चों मे काफी उत्साह देखने को मिला।

## अंचल में पारंपरिक छत्तीसगढ़ी सुआ की धुम



बेमेतरा/नारायणपुर। ग्राम पंचायत नारायणपुर सहित क्षेत्र में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक सुआ नृत्य में बालिकाओं और महिलाओं द्वारा शानदार सुआ नृत्य की प्रस्तुति दी जा रही है।जहां गांव - गांव और घरों- घर जाकर शानदार सुआ नृत्य की प्रस्तुति दी जा रही है, जहां सुआ को टोकरी में रखकर सुआ गीत का संदेश दे रही है, जैसे तरी हरी नाना मोर सुआ ना हो गीतों की धूम से लोगों की मन को मोह रहे हैं, जहां लोगों ने भेंट स्वरूप इनाम दे रहे हैं और आशिर्वाद ले रहे हैं। बताया जाता है कि भोजली, गौरा - गौरी,सुआ,जस गीत,करमा -ददरिया व बांस और पंडवानी जैसे लोकगीत सदियों से तीज त्यौहार और सामाजिक आयोजन में गाए जाते हैं, किंतु सुआ गीत विशेष रूप से सामुहिक गीत है,जिसे मिट्टी से निर्मित सुआ को टोकरी में रखकर गोला आकार में खड़ी होकर ताली बजाते और झुम झुमकर थिरकते हुए, प्रस्तुत किया जाता है, इसलिए दीपों का पर्व दीपावली को कहा जाता है,जो पांच दिनों तक दीपावली का त्यौहार मनाया जाता है, इस अवसर पर नौनिहाल बच्चे और महिलाओं ने टोली बनाकर गांव-गांव में घर -घर जाकर अपनी छत्तीसगढ़ी पारंपरिक सुआ गीत के माध्यम से सुआ नृत्य की शानदार प्रस्तुति दे रही है।

## साल्हेपुर शाला में दीपावली पर्व पर सौहार्द और संस्कृति का अद्भुत संगम

**बेमेतरा।** विकासखंड बेरला अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेपुर में दीपावली के पावन पर्व पर सौहार्द, संस्कृति और सामुदायिक सहभागिता से भरपूर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के सर्वश्रेष्ठ प्रधान पाठक के पुरस्कार से सम्मानित अंबालिका पटेल के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस विशेष उत्सव में बच्चों, अभिभावकों, एसएमसीसदस्यों, पालकों तथा ग्रामीणजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों को मिठाई वितरण से हुई, जिससे उनके चेहरों पर खुशी झलक उठी। वर्तमान पंच एवं भूतपूर्व सरपंच द्वारा बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया, जिसने कार्यक्रम में विशेष उत्सवधर्मिता जोड़ी। प्रधान पाठक और जिले की सर्वश्रेष्ठ प्रधान पाठक के पुरस्कार से सम्मानित अंबालिका पटेल ने दीपावली के पावन त्यौहार पर शाला प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सभी सदस्यों को गमछा से और शाला की रसोईया बहनों को साड़ी भेंटकर सम्मानित किया गया, इससे समुदाय और शाला के बीच संबंध और सुदृढ़ हुए, सदस्यों ने प्रधान पाठक के कार्य की सराहना की। इस अवसर पर जनपद पंचायत बेरला के जनपद सदस्य नीरज पॉल विद्यालय पहुँचे। उन्होंने शाला परिसर की वस्तु स्थिति का निरीक्षण किया तथा बच्चों से प्रश्न पूछकर उनकी पढ़ाई का मूल्यांकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा और विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय में दीपावली से जुड़े विभिन्न पारंपरिक दिवसों को बच्चों ने धूमधाम से मनाया, जैसे में प्रधान पाठक द्वारा रचित सुआ गीत गा कर सुनाया।




प्रधान पाठक ने बच्चों को दीपावली में धनतेरस को धन्वंतरि भगवान की पूजा, गौरा-गौरी पूजा, गोवर्धन पूजा, लक्ष्मी पूजा, राऊत नाचा, अलग अलग दिनों में जलने वाले दीपों के महत्व, सांस्कृतिक परंपराओं और लोकाचार के बारे में विस्तार से जानकारी बच्चों को दी। इस

इस कार्यक्रम में प्रमोद गुप्ता, चोवा राम यदु, अध्यक्ष शाला विकास प्रबंधन समिति,उत्तम गुप्ता, प्रकाश गायकवाड, व्यास नारायण, एवन कुमार यदु, विनय कुमार, ओंकार यदु, गोपाल कौशल, योगेश, जितेंद्र, पूजा कुर्रे, शैलेन्द्र कुर्रे, कुन्ती, दुलारी, सभी एसएमसीसदस्य, पालकगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। प्रधान पाठक अंबालिका पटेल ने कहा कि ऐसेप्रमुख त्यौहbsp; अवसर बच्चों में सांस्कृतिक जागरूकता, सामाजिक समरसता,पारिवारिक मूल्योंऔर सामुदायिक सहभागिता की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

### चोरभट्ठी स्कूल में रंगोली और दीप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला चोरभट्ठी विकासखंड साजा में हर्षोल्लासपूर्वक दीपावली उत्सव कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता, दीप सजावट प्रदर्शन एवं दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अत्यंत आकर्षक एवं सुंदर रंगोलियाँ बनाईं। दीप सजावट प्रदर्शन में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नताशा कक्षा पाँचवी, द्वितीय स्थान यशश्वी कक्षा पाँचवी, दीप सजावट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नमन वर्मा कक्षा पांचवी, सभी विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार की ओर से बधाई दी गई तथा इनाम स्वरूप कॉपी और शील्ड प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्रधानपाठक कोमल प्रसाद सिन्हा, शिक्षक देवराम साहू, आशुतोष चौबे एवं कु भुनेश्वरी वर्मा उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने बच्चों को दीपावली के महत्व की जानकारी दी और स्वच्छता, सौहार्द व प्रकाश के इस पर्व का महत्व बताया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# धनतेरस पर लोगों ने खरीदी नेंग की चीजें

## व्यापारियों की अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा व्यापार, सोना से लोगों ने बनाई दूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा



धनतेरस के दिन सराफा और बर्तन बाजार में लोगों ने जमकर खरीददारी की। बहुतेरे ग्राहकों ने चांदी के सिक्के, लक्ष्मी जी की मूर्तियां, कांसे के बर्तनों जैसी नेंग की चीजें खरीदी। हांलाकि अपेक्षाकृत लम्बा चौड़ा कारोबार देखने को नहीं मिला। दूसरी तरफ कपड़ा बाजार में भारी रौनक देखने को मिली। स्थानीय सराफा बाजार में धनतेरस की रात तक ग्राहकों की भीड़ देखी गई। सराफा बाजार के दर्जन भर दुकानों में अपरान्ह से देहातों के ग्राहकों का आने का सिलसिला शुरू हो चुका था। यह शाम तक चलते रहा। सराफा सूत्रों के मुताबिक दीवाली के धनतेरस में शुभ माने जाने वाले, चांदी के सिक्के लक्ष्मी जी की मूर्तियां जैसी पूजा पाठ व नेंग की वस्तुएं ज्यादा खरीदी गई। चांदी के जेवरातों में पायल, लच्छे आदि ऐसे लोगों द्वारा खरीदे गए जिनके पास खींचतान के बाद अतिरिक्त पैसे बचे थे। नगर के सराफा विक्रेताओं ने बताया खेती किसानी के कामों के कारण सराफा बाजार आशा के विपरीत लड़खड़ाया हुआ है। सोने के भारी भरकम दामों के चलते इसकी खरीदी नाम मात्र की हुई है। दूसरी ओर पहले जैसे शासकीय अफसरों व कर्मचारियों के परिवार माह के अंत में दीपावली पड़ने के कारण सराफा बाजार में देखने को नहीं मिले। स्थानीय नागरिक व छोटे मोटे व्यापारी रात को खरीदी में निकले हैं। आज सराफा बाजार में लम्बा चौड़ा दीवाली का कारोबार देखने को नहीं मिला। धान और गन्ना की सरकारी खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व ही दीपावली का पर्व होने के कारण ग्रामीण स्तरीय ग्राहकों ने भी खुलकर पैसा खर्च नहीं किया। यही नजारा बर्तन बाजार में देखने को मिला। बर्तन की दुकानों में एक दम जरूरी व शुभ माने जाने वाले कांसे के बर्तनों को खरीदी हुई। इसके अलावा धातु के पूजन पात्रों की खरीदी हुई। बर्तन बाजार का भी व्यवसाय औसतन डगमगाया हुआ दिखाई दिया।

# नवरंगपुर में काली उत्सव 21 से 31 अक्टूबर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कोदवागोडान

समीपस्थ ग्राम नवरंगपुर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली के पावन पर्व पर 21 अक्टूबर से काली पूजा महोत्सव का आयोजन किया जायेगा है। इस अवसर पर भव्य जसगीत प्रतियोगिता का भी किया जायेगा। इस संबंध में मां काली महोत्सव समीति के अध्यक्ष श्याम कुमारलोनियां ने बताया कि अंचल में करीब 33 वर्षो से आयोजित हो रहे नवरंगपुर के काली महोत्सव को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि महोत्सव के तहत जहां 21 अक्टूबर को मां काली की स्थापना की जायेगी। वहीं जसगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिसमें महिला-पुरूष मण्डली हिस्सा लेंगी। उन्होंने बताया कि जस गीत प्रतियोगिता में पुरूष विजेता टोली को प्रथम पुरस्कार के रूप में 15001 रूपए, द्वितीय पुरूकार 7001 रूपए तथा तृतीय पुरस्कार 3101 रूपए दी जायेगी। इसी प्रकार महिला मण्डल की प्रथम विजेता को 12001 रूपए, द्वितीय विजेता को 5001 रूपए तथा तृतीय विजेता को 3101 रूपए व शील्ड दिया जायेगा। समिति द्वारा झांकी के लिए भी ईनाम की घोषणा की गई है। जिसके तहत प्रथम पुरस्कार के रूप में 15001 रूपए, द्वितीय पुरूकार 7001 रूपए तथा तृतीय पुरस्कार 3101 रूपए दी जायेगी उल्लेखनीय है कि समीपस्थ ग्राम नवरंगपुर को अंचल में संगीत प्रेमी गांव के रूप में जाना जाता है। यहां के लोग धर्मप्रेमी तो हैं ही संगीत के क्षेत्र में भी काफी रूचि रखते हैं। इस गांव में विभिन्न धार्मिक आयोजनों के बहाने शास्त्रीय एवं सुगम संगीत के अलावा लोक संगीत से सराबोर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन समय-समय पर होते रहता है। यहीं वजह है कि बीते 33 वर्षा से यहां मां काली उत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

**स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित**

# जिले की 110 मितानिन प्रशिक्षक सम्मिलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा यूनिसेफ़ के सहयोग से स्वास्थ्यकर्मियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन दो बैच में किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य सभी स्वास्थ्यकर्मियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व से परिचित कराना था, ताकि वे अपने-अपने स्तर पर बेहतर सेवाएँ प्रदान कर सकें। इस कार्यशाला के दौरान यह संदेश भी दिया गया कि मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति के जीवन का अभिन्न हिस्सा है और इसे शारीरिक स्वास्थ्य के समान महत्व दिया जाना चाहिए। मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को एक-दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता। कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य की बुनियादी समझ और इसके महत्व पर विचार-विमर्श किया गया वही मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान के संकेत तथा मानसिक स्थिति और मानसिक रोगों को समझना। विभिन्न स्तरों पर उपलब्ध रेफरल सेवाओं की जानकारी तथा टेली-मानस के प्रति जागरूकता एवं आत्महत्या रोकथाम में स्वास्थ्यकर्मियों की भूमिका सहित किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य और उनके कल्याण से संबंधित पहलू जैसे विषयों पर चर्चा हुई। इस कार्यशाला का संचालन बेमेतरा जिला स्वास्थ्य विभाग से सीएमएचओ डॉ अमृत लाल रोहलेडर के मार्गदर्शन में, नोडल डॉ. भेखराम, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री लता बंजारे तथा यूनिसेफ़ डॉ गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में राज्य परामर्शदाता निधि दुबे द्वारा किया गया। जिसमें जिले के 110 मितानिन प्रशिक्षक सम्मिलित हुए। जिला बेमेतरा स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ़ ने आशा व्यक्त की कि इस प्रकार के उन्मुखीकरण से स्वास्थ्यकर्मी मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को और बेहतर तरीके से समझ सकेंगे तथा समुदाय स्तर पर ज़रूरतमंद लोगों तक उपयुक्त सेवाएँ पहुँचा सकेंगे।

